237

मध्यप्रदेश विधान सभा

फरवरी-अप्रैल, 1996 सत्र

दैनिक कार्य सूची

बुधवार, दिनांक 13 मार्च, 1996 (फाल्गुन 23, 1917)

समय 10.30 बजे दिन

1. निधन का उल्लेख

श्री सुशील बहादुर अष्ठाना, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा के निधन का उल्लेख.

2. प्रश्नोत्तर

पृथकतः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

3. नियम 138 (1) के अधीन ध्यानाकर्षण

(1) श्री नानालाल पाटीदार, सदस्य, मन्दसौर जिले की जीवाजी राव शुगर मिल द्वारा कृषकों से गन्ना क्रय न किये जाने से उत्पन्न स्थिति की ओर वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) डॉ. रामलखन सिंह (भिण्ड), श्री भूपेन्द्र सिंह, डॉ. सीतासरन शर्मा, सदस्य, मुरैना जिले के ग्राम बरहाना में सुरक्षा कर्मियों द्वारा ग्रामीणों के साथ मारपीट किये जाने की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(3) सर्वश्री जगदीश देवड़ा, थावरचन्द गेहलोत, सदस्य, रतलाम जिले के ग्राम दुधिया में होलिका दहन के दौरान बम विस्फोट की घटना घटित होने की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(4) सर्वश्री भूपेन्द्र सिंह, कैलाश विजयवर्गीय, सदस्य, प्रदेश के कुछ प्रकाशकों द्वारा माध्यमिक शिक्षा मंडल के अधिकारियों से सांठगांठ करके फर्जी आदेश जारी कराकर मुनाफा कमाये जाने की ओर स्कूल शिक्षा मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(5) श्री नोबेल कुमार वर्मा, सदस्य, बिलासपुर जिले के चांपा में पदस्थ एक एस.डी.ओ. द्वारा भुगतान में अनियमितता किये जाने की ओर लोक निर्माण मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(6) श्री ओंकार प्रसाद तिवारी, सदस्य, बैतूल जिले के पाथाखेड़ा कोल संस्थान से कोयले की चोरी की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(7) श्री रजिन्दर पाल सिंह भाटिया, सदस्य, राजनांदगांव जिले के ग्राम रंगीटोला में एक व्यक्ति का धोखे से धर्म परिवर्तन किये जाने की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

4. प्रतिवेदन की प्रस्तुति एवं स्वीकृति

श्री शंकर प्रताप सिंह, सभापति, गैर सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों संबंधी समिति का बीसवां प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे तथा निम्नलिखित प्रस्ताव करेंगे :-

" सदन गैर सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पो संबंधी समिति के बीसवें प्रतिवेदन से सहमत है."

5. वर्ष 1996-97 की अनुदानों की मांगों पर मतदान (क्रमशः)

निर्धारित समय			
2 घन्टे	(1)	मांग संख्या 15	डेयरी विकास
		मांग संख्या 27	स्कूल शिक्षा
2 घन्टे	(2)	मांग संख्या 20	लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी
		मांग संख्या 30	पंचायत तथा ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित व्यय
		मांग संख्या 63	लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से संबंधित विदेशों से सहायता प्राप्त परियोजनाएं
		मांग संख्या 80	त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं को वित्तीय सहायता
		मांग संख्या 82	आदिवासी क्षेत्र उपयोजना के अन्तर्गत त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओ को वित्तीय सहायता
		मांग संख्या 84	अनुसूचित जातियों के लिये विशेष घटक योजनान्तर्गत त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं को वित्तीय सहायता
2 घन्टे	(3)	मांग संख्या 31	योजना, आर्थिक तथा सांख्यिकी विभाग से संबंधित व्यय
		मांग संख्या 33	आदिम जाति कल्याण
		मांग संख्या 41	आदिवासी क्षेत्र उपयोजना
		मांग संख्या 60	जिला परियोजनाओं से संबंधित व्यय
		मांग संख्या 75	आदिवासी कल्याण के लिये विशेष संग्रह

अशोक चतुर्वेदी
सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा

भोपाल :
दिनांक : 12 मार्च, 1996